>

Title: Need for stoppage of Rajdhani Express and other passenger trains at Mirzapur Railway Station in Uttar Pradesh and also start a new Inter-city train between Mirzapur and Lucknow.

श्री बाल कुमार पटेल (मिर्जापुर) : विन्धयाचल मण्डल का मुख्यालय मिर्जापुर के लिए देश की राजधानी दिल्ली व प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सीधे रेल सम्पर्क हेतु कोई नवीन ट्रेन न चलाने, पूर्व में चल रही ट्रेनों को ठहराव न देने से गंभीर स्थिति उत्पन्न है। विन्धयाचल जो देश-विदेश के लोगों की धार्मिक आस्था से जुड़ा स्थान है, पर आने-जाने वाले श्रृद्धालुओं एवं पर्यटकों को 70 कि.मी. दूर मुगलसराय या फिर 90 कि.मी. इलाहाबाद तक ट्रेन पकड़ने हेतु जाना पड़ता है। पिछले 30 वर्षों से मुगलसराय, मिर्जापुर के गरीबों की अकेली सवारी गाड़ी मुगलसराय-बरेली को बंद कर देने से लखनऊ जाना दुष्कर हो गया है। जनभावना एवं आवश्यकता को देखते हुए मिर्जापुर स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस सहित महत्वपूर्ण ट्रेनों को ठहराव व मुगलसराय-बरेली पैसेंजर को पूर्ववत करते हुए मिर्जापुर से लखनऊ के बीच नई इण्टरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन किया जाये।